





# हर व्यक्ति पीपल के 5 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को पूरा करे : शाह

## गृह मंत्री अमित शाह का बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में हुआ स्वागत, एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने की अगवानी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 दिसम्बर, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह रीवा के बसामन मामा गौ वन्य विहार अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ किया. साथ ही उन्होने किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्राकृतिक खेती करने का जहा आवाहन किया. वही हर व्यक्ति को पीपल के पांच पौधे लगाकर बसामन मामा के पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को पूरा करने की बात कही.**






गृहमंत्री ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है. बसामन मामा ने पीपल के वृक्ष की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया. हम सब अगली बरसात में कम से कम पांच पीपल के पौधे रोपित करके बसामन मामा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें. पीपल ऑक्सीजन का सबसे बड़ा स्रोत है. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में आयोजित कृषक सम्मेलन में भाग लेने रीवा से हेलीकाप्टर द्वारा पहुंचे जहां हेलीपैड में उनका आत्मीय स्वागत किया गया. हेलीपैड में प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पशुपालन मंत्री लखन पटेल, सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां इंजी नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने स्वागत किया.

### कृषक सम्मेलन स्थल में लगाई गई प्रदर्शनी

बसामन मामा गौवंश वन्य बिहार में आयोजित कृषक सम्मेलन स्थल में प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों जैसे जीवामृत, बीजामृत, धनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्राह्मास्त्र, अग्निस्त्र पशपर्णी उक्त तैयार करने में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों के साथ प्राकृतिक रूप से उत्पादित उत्पाद की जीवंत प्रदर्शनी लगाई गई. प्रदर्शनी में कृषि विभाग द्वारा मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी, रागी ज्वार, बाजरा के बीजों के साथ ही श्री अन्न फसलों की खेती के लाभ एवं उनमें पाये जाने वाले पोषक तत्वों के महत्व को भी दर्शाया गया. कृषि अभियांत्रिकी के तहत पराली प्रबंधन के उन्नत कृषि यंत्रों कल्चर, वेलर, हैपी सीडर व सुपर सीडर का भी प्रदर्शन किया गया. कृषि विभाग केन्द्र द्वारा उन्नत कृषि तकनीक एवं प्राकृतिक खेती में सहायक लाभकारी कीटो का भी प्रदर्शन किया गया. उद्यानिकी विभाग द्वारा भी प्रदर्शनी में उद्यानिकी फसलों को दर्शाया गया.

### एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

केंदीय गृह मंत्री अमित शाह के गुरुवार को रीवा एयरपोर्ट आगमन पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अगवानी कर स्वागत किया. गृह मंत्री के साथ विमान में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी रीवा आए. विमानतल पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया.

### कलेक्टर ने जताया आभार

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त किया है. कलेक्टर ने प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों, व्यवस्थापकों, तथा व्यवस्था से जुड़े सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया है. कलेक्टर ने कहा कि सभी के बेहतर समन्वय से कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हो सका.

### प्रभारी मंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का किया भ्रमण



प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का भ्रमण किया. उन्होंने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का अवलोकन किया तथा परंपरागत बीजों के संचय, गोमूत्र एवं गोबर से निर्मित खाद व कीटनाशक, अर्न्तवर्तीय फसल, औषधीय पौधों की खेती तथा फलोद्यान को भी देखा. उन्होंने गौशाला का भ्रमण भी किया.

# दादी की बरसी में पोते पर कुल्हाड़ी से हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 दिसम्बर, रीवा में एक परिवार में आयोजित बरसी कार्यक्रम के दौरान युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया. हमलावर कोई और नहीं बल्कि घायल का चाचा और चचेरा भाई था, जो बरसी में निमंत्रण ना देने से नाराज थे. आरोपियों द्वारा कुल्हाड़ी से किए गए हमले में घायल युवक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई.**

दरअसल मामला जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र टीकर गांव का है, जहां बुधवार की शाम यादव परिवार में आयोजित बरसी कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद में युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया. घटना के संबंध में घायल उद्रमणि यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि घर में बुधवार को उसकी दादी की बरसी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिस दौरान वह मेहमानों को खाना खिला रहा था, तभी उसके चाचा अपने पुत्र के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. बताया गया कि आरोपी का उनके परिवार से पूर्व से ही विवाद चल रहा था, ऐसे में बरसी कार्यक्रम में निमंत्रण ना देने से वह नाराज थे, और इसी बात को लेकर विवाद करते हुए घटना को अंजाम दिया गया. फिलहाल पीड़ित ने मामले की शिकायत गोविंदगढ़ थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. घायल को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### शहर के वार्ड-43 में जंगली जानवर की दहशत

रीवा शहर के कृष्णा नगर स्थित वार्ड 43 में जंगली जानवर की दहशत फैली हुई है. इलाके में तेंदुए की तरह जंगली जानवर देखे जाने की चर्चा भी जोरो पर है, वही एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक जानवर सड़क पर चलता दिखाई पड़ रहा है. दावा किया जा रहा है कि यह फुटेज स्थानीय मोहल्ले का ही है, वही दावा किया जा रहा है कि वार्ड और मोहल्ले में सक्रिय जंगली जानवर द्वारा पालतू जानवरों को भी अपना शिकार बनाया गया है. शहर के भीतर स्थित मोहल्ले में जंगली जानवर के होने की पुष्टि खुद वार्ड 43 के पार्षद पुत्र पीतांबर कुशवाहा ने की है. पार्षद पुत्र ने इलाके में तेंदुए की तरह दिखने वाले जंगली जानवर के सक्रिय होने की पुष्टि करते हुए वार्डवासियों को सतर्क और सावधान किया है.

## संक्षिप्त

### प्रभारी मंत्री ने आमजनों से की मुलाकात

**रीवा,** प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने न्यु सर्किट हाउस राजनिवास में आमजनों से मुलाकात की. इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह सहित जनप्रतिनिधि व स्थानीय जन उपस्थित रहे.

### घर-घर में मनाया तुलसी पूजन

**रीवा,** श्री योग वेदान्त सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश आहूजा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तुलसी पूजन दिवस 21 दिसम्बर को तुलसी पूजन दोपहर 2 बजे से स्थान तोपखाना सिंधी धर्मशाला नेत्रहीन विद्यालय के सामने एवं 25 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से सिंधी धर्मशाला शास्त्री नगर रीवा में कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया है. तुलसी का स्थान भारतीय संस्कृति में पवित्र और महत्वपूर्ण है. तुलसी पूजन, सेवन व रोपण के आरोग्य-लाभ आर्थिक लाभ के साथ ही आध्यात्मिक लाभ भी हो हैं. इस कार्यक्रम में भजनलाल सचदेव, कैलाश आहूजा, बंशीधर वाधवानी, महेश साहू, अशोक सर्राफ, विनोद पटेल, पुष्कर वर्मा, महिला समिति की सचिव दिशा लालवानी, अध्यक्ष मधु शिवनानी, मनीला, भावना, काशी खिलवानी, सुधा वर्मा, वंशिका तुलसानी मौजूद रही.

### सत्यापन के लिए लगेंगे शिविर

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सिकमी और बटाईदार भूमि के किसानों के सत्यापन के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि 26, 27 एवं 28 दिसम्बर को सिकमी और बटाईदार भूमि के पंजीकृत किसानों का सत्यापन तहसील स्तर पर शिविर लगाकर कराएं. यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होंगे. इसके साथ ही कृषकों को शिविर में समक्ष में बुलाकर भी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं. उल्लेखनीय है कि सिकमी और बटाईदार भूमि के पंजीकृत किसानों की सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी.

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**रीवा,** नईगढ़ी पुलिस ने पांच माह से फरार चल रहे शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है. पुलिस के पहुंचने पर आरोपी भाग खड़ा हुआ, जिसे दौड़ा कर पुलिस ने पकड़ा. आरोपी को न्यायालय में पूंछताछ के बाद पेश किया गया. मुखबिर की सूचना पर ग्राम भलुहा तालाब के पास घेराबंदी कर एक चिल्ल तरफ से नईगढी तरफ आने वाली लाल रंग की कार क्र.एमएच 04 डीवाई 3419 मे कुल 06 पेटी कुल 54 लीटर देशी प्लेन सफेद शराब कुल कीमती 30000/- रूपए अवैध रूप से बिक्री हेतु पाए जाने से आरोपी पुष्पेन्द जायसवाल पिता विजय जायसवाल उम्र 19 साल निवासी वार्ड क्र.14 सब्जी मंडी नईगढी थाना नईगढी जिला मऊगंज तथा विनोद कुमार साकेत पिता मुन्नालाल साकेत उम्र 28 साल निवासी खर्रा थाना नईगढी जिला मऊगंज के सयुक्त कब्जे से जप्त की जाकर अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था. अवैध शराब तस्करी का मुख्य अरोपी गोलू साकेत निवासी खर्रा का मौके के फरार हो गया था जिसकी लगातार पता तलास की जा रही थी फरार आरोपी की मुखबिर द्वारा सूचना पर थाना प्रभारी नईगढी जगदीश सिंह की टीम द्वारा आरोपी के घर खर्रा में घेराबंदी की तो आरोपी प्रेमप्रकाश साकेत उर्फ गोलू घर से पीछे के दरवाजे से भागने लगा जिसे 3-4 किमी दौड़ा कर पकड़ा गया.

### सेमरिया में मतदान 29 को

**रीवा,** नगर परिषद सेमरिया में अध्यक्ष तथा पार्षद पद के लिए मतदान 29 दिसंबर को होगा. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर परिषद सेमरिया के अध्यक्ष पद के लिए वार्ड क्रमांक एक से 15 तक 16 मतदान केन्द्रों एवं वार्ड 3 के पार्षद पद के लिए एक मतदान केन्द्र में मतदान कराया जायेगा. मतदान 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा. इनकी मतगणना 31 दिसंबर को सुबह 8 बजे से शासकीय नवीन महाविद्यालय सेमरिया में होगी. कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल को मतदान और मतगणना दिवस में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के आदेश दिये हैं. कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को मतगणना स्थल तथा सामग्री वितरण स्थल पर आवश्यक वैरिकेंटिंग कराने के निर्देश दिये हैं.

# विद्युत विजलेंस टीम से बात करते हुए उपभोक्ता की मौत

## उपभोक्ता के साथ बातचीत का वीडियो आया सामने

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 दिसम्बर, रीवा में बिजली विभाग की विजलेंस टीम द्वारा बिजली चोरी के शक में की गई छापेमारी के दौरान बिजली उपभोक्ता की हुई मौत मामले में अब नया मोड़ आ गया है. जिस उपभोक्ता की मौत पर विजलेंस टीम पर धक्कामुक्की और मारपीट जैसे गंभीर आरोप लगे थे उसका वीडियो भी सामने आया है.**

वीडियो में विजलेंस टीम के अधिकारी और उपभोक्ता साधारण तरीके से आपस में बातचीत करते नजर आ रहे है, इसी बीच उपभोक्ता अचानक से गस खाकर जमीन पर गिरता नजर आया और दोबारा नहीं उठा. प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक से उपभोक्ता की मौत का होना माना जा रहा है. दरअसल मामला रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमा गांव का है. बताया गया कि डोम गांव में गुरूवार की सुबह तकरीबन 11 बजे बिजली विभाग की संभाग स्तरीय विजिलेंस टीम बिजली चोरी के संबंध में निरीक्षण करने पहुंची थी. बताया गया कि यहां डोमा गांव निवासी बालेंद्र चतुर्वेदी के आवास पर जांच टीम ने कनेक्शन के संबंध में जानकारी ली और उपभोक्ता से बातचीत कर रहे थे तभी बालेंद्र अचानक से जमीन पर गिर गए और अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. हालांकि घटना की शुरुआत में मृतक के परिजनों ने विजिलेंस टीम पर उपभोक्ता के साथ धक्क मुक्की करने सहित मारपीट जैसे गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन वीडियो आने के बाद यह साफ हो गया कि बातचीत के दौरान अचानक उपभोक्ता गिरा. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मौत कैसे हुई. पृथम दृष्टिया हार्ट अटैक से मौत होना प्रतीत हो रहा है.




कार्डियोलाजी विभाग के डॉ. एस.के त्रिपाठी व डॉ. सुरेन्द्र तिवारी और उनकी टीम

# मतदान के लिए 29 को रहेगा अवकाश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 दिसम्बर, नगरीय निकाय तथा पंचायत उप चुनाव के लिए 29 दिसंबर को मतदान कराया जा रहा है. मतदान के लिए संबंधित क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा.**

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर परिषद सेमरिया में अध्यक्ष और वार्ड पार्षद तीन के पार्षद के लिए चुनाव कराया जा रहा है. मतदान के लिए संपूर्ण नगर परिषद क्षेत्र में 29 दिसंबर को अवकाश रहेगा. जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 16 के सदस्य पद के लिए जनपद पंचायत ग्राम गंगेव की ग्राम पंचायत अकौरी, क्योटी, कोलहाई, खरहरी, खैरा, चौरी, टेहरा, देवास, दादरकोठर, पचोखर, पताई, पिपरहा, बडोखर, बेलवाकुर्मियान, बेलवाबड़गैयान, भौखरीखुर्द, मौहरिया, रमपुरवा, रौरा उन्मूलन, लालगांव, सरईकला तथा सिसवा में मतदान होगा. सरपंच पद के लिए ग्राम पंचायत महमूदपुर तथा ग्राम पंचायत जरहा में मतदान होगा.

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक साथ दो बड़े दिल के छेद का डिवाइस क्लोजर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 दिसम्बर, सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा के कार्डियोलॉजी विभाग ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है.**

डॉ. एस.के. त्रिपाठी एवं डॉ. सुरेंद्र तिवारी की अगुवाई में टीम ने दो मरीजों के दिल में बड़े जन्मजात छेद (एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट -एएसडी) को बिना ओपन हार्ट सर्जरी के, मात्र एक छोटी सी डिवाइस के माध्यम से सफलतापूर्वक बंद कर दिया. यह आधुनिक प्रक्रिया पहले केवल बड़े चीरे और ओपन हार्ट सर्जरी से ही संभव थी, लेकिन अब कैथेटराइजेशन तकनीक से बिना किसी टांके या बड़े ऑपरेशन के यह इलाज हो रहा है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विंध्य क्षेत्र में पहली बार एक ही समय में दो एएसडी डिवाइस क्लोजर प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई हैं - यह क्षेत्रीय चिकित्सा इतिहास में एक मील का पत्थर है.एएसडी एक जन्मजात हृदय रोग है, जिसमें मरीजों को बार-बार सांस की संक्रमण, अत्यधिक थकान, सांस फूलना और अन्य समस्याएं होती हैं.

यदि समय पर कार्डियोलॉजिस्ट से संपर्क कर 2 डी इको टेस्ट कराया जाए, तो इस समस्या का पता चल जाता है और इसे इस न्यूनतम आक्रामक डिवाइस प्रक्रिया से पूरी तरह ठीक किया जा सकता है. इससे मरीज जल्दी स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जीने लगते हैं. इस अभूतपूर्व सफलता पर स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, डीन डॉ. सुनील अग्रवाल, सुपरिंटेंडेंट डॉ. अक्षय श्रीवास्तव तथा कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. वी.डी. त्रिपाठी ने पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं. महत्वपूर्ण योगदान देने वाली टीम के सदस्य नर्सिंग स्टाफ सतेंद्र, कैथलैब टेक्नीशियन जय नारायण मिश्रा, सुधांशु, मनीष, सत्यम, सुमन, विजय एवं सोनाली शामिल रहे.

# शांति कुटीर चर्च में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 दिसम्बर, यीशु के जन्मोत्सव पर विशेष प्रार्थना सभा के साथ गुरूवार को क्रिसमस का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया.**



चर्च परिसर को रंग बिरंगी लाइट और फूलो से सजाया गया. चर्च परिसर में सामूहिक प्रार्थना कर सौहार्द और एकता का संदेश दिया गया. गुढ़ चौराहा स्थित शांति कुटीर चर्च में सुबह से ही भीड़ लगी रही. आकर्षक लाइटिंग के साथ चर्च को सजाया गया और धूमधाम से प्रभू यीशु का जन्म दिन मनाया गया. प्रभु यीशु के प्रेम, शांति सेवा और भाईचारे के संदेशो को याद किया गया. फादर विनीत जानटाइडे ने मानवता, आपसी सौहार्द एवं जरूरतमंदो की मदद करने का संदेश दिया. इस दौरान श्रद्धालुओ ने मोमबत्ती जलाकर प्रभु यीशु के प्रति अपनी आस्था प्रकट की.

कई बच्चे सांता क्लाज के वेश भूषा में दिखे. उन्होने प्रभु यीशु के प्रति अपना प्रेम व उत्साह प्रदर्शित किया. शहर में क्रिसमस की धूम दिखी. लोगो ने अपने दुकान, प्रतिष्ठानो में क्रिसमस ट्री और सांता क्लाज बनाया जो आकर्षण का केन्द्र रहा. कार्यक्रम के दौरान भजन कीर्तिन और क्रिसमस गीतो की मधुर धुने गूंजती रही.

# ग्राहक बन ज्वैलरी शॉप में दिनदहाड़े बदमाशों ने की लाखों की चोरी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 दिसम्बर, रीवा जिला मुख्यालय से मजह पैंतालीस किलो मीटर दूर स्थित लालगांव कस्बे में संचालित अन्नपूर्णा ज्वेलर्स शॉप में ग्राहक बनकर पहुंचे दो बदमाशों ने लगभग चार से पांच लाख कीमती की ज्वैलरी को पलक झपकते ही पार कर दिया है. घटना को दो अज्ञात बदमाशों ने कस्बे के भीतर दिनदहाड़े अंजाम दिया है, जिससे इलाके के व्यापारियों में हड़कंप मच गया.**



हालांकि वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए है, जिनकी पुलिस पहचान कर तलाश में जुटी है. घटना के संबंध में पीड़ित व्यापारी रामनिधि सोनी ने बताया कि बुधवार की दोपहर जब यह घटना कारित हुई उस समय वे एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बनारस गये हुए थे. बताया गया कि दुकान पर व्यापारी की पत्नी निर्मला सोनी थीं, तभी ग्राहक बनकर मोटर साइकिल से आए दो बदमाशों ने चांदी का चंद्रमा खरीदा और उसके बाद सोने का लाकेट दिखाने के लिए कहा. दुकान पर मौजूद व्यापारी की पत्नी ने जैसे ही दराज खोला उसी वक्त दो में से एक युवक ने आभूषण से भरा पूरा डिब्बा निकाल लिया, जिसमें सोने के छः लाकेट सहित अन्य आभूषण थे जिसकी वर्तमान कीमत लगभग चार से पांच लाख रुपए थी. उसे लेकर मौके से फरार हो गये जो कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए हैं. फिलहाल पीड़ित व्यापारी की पत्नी ने लालगांव पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है पर बदमाशो का पता नही लगा है.

### मतदान 29 को

**रीवा, 25 दिसम्बर,** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत राज संस्थाओं के निर्वाचन में मतदान 29 दिसंबर को होगा. मतदान प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा. मतगणना 2 जनवरी को की जायेगी. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के वार्ड क्रमांक 16 के लिए मतदान होगा.

# तापमान में गिरावट के साथ गलन भरी ठंड जारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 दिसम्बर, प्रदेश भर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, विंध्य में ठंड का असर कम होने का नाम नही ले रहा है. लगातार तापमान में गिरावट आ रही है. एक बार फिर न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री पर पहुंच गया.**

वही दिन का अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री रहा, जिसके चलते दिन भर गलन भरी ठंड बनी रही. जबकि एक दिन पहले बुधवार को न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री पहुंच गया था और अधिकतम तापमान 24 डिग्री रहा. जिससे ठंड से कुछ हद तक राहत मिली. लेकिन गुरूवार को अचानक तापमान में गिरावट आने के साथ दिन भर ठंड हवाएं चलती रही.

तेज धूप के बावजूद गलन भरी ठंड बनी रही. चार किलो मीटर की गति से ठंड हवाएं चलती रही. फसल के लिहाज से ठंड लाभ दायक है लेकिन अभी तापमान में और गिरावट आने के साथ कड़ाके की ठंड जोर पकड़ेगी. नगर निगम द्वारा शहर के 17 स्थानो पर अलाव की व्यवस्था की गई है ताकि रात की ठंड से राहत मिल सके. इस बार नवम्बर से ही ठंड शुरू हो गई थी.